(ख) उस के निर्माण में कितना व्यय हुआ ;

(ग) क्या यह वहां से हटाया जा रहा है ;

(घ) यदि हां, तो क्यों तथा उसे कहां ले जाया जा रहा है ; और

(ङ) उसकी वर्तमान इमारतों का क्या किया जायेगा ?

रेलवे मंत्रालय में उप मंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी) : (क) ३१ मार्च, १९६१ ।

(ख) लगभग ११,५०,००० रुपये ।

(ग) से (ङ). इस समय सुलतानपुर से लोकोशेड हटाने का कोई प्रस्ताव नहीं है । मुगलसराय और सहारनपुर के बीच सभी सीधी मालगाड़ियां डीजल रेल इंजन से चलायी जा रही हैं, इस की वजह से सुलतानपुर सहित पूरे लखनऊ डिवीजन में भाप रेल इंजनों की संख्या काफी कम हो जाने की आशा है । सुलतानपुर शेड में भाप रेल इंजनों की संख्या कम हो जाने से वहां कुछ छादार जगह खाली हो जायेगी । इस तरह जो जगह खाली होगी, वहां सवारी और माल डिब्बों में भारी मरम्मत के लिये डिपो बनाने की संभावना पर विचार किया जा रहा है ।

स्टेशनों पर नोटिस बोर्ड तथा साईन बोर्ड

१४२४. श्री रणंजय सिंह : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कुछ वर्ष पूर्व रेलवे प्रशासनों को यह आदेश दिया गया था कि स्टेशनों पर सामान्यतः जो नोटिस व साइनबोर्ड लगाये जाते हैं वे सब हिन्दी, अंग्रेजी और प्रादेशिक भाषाओं में लिखे जायें ;

(ख) क्या यह सच है कि दक्षिण रेलवे पर बहुत से स्टेशनों पर साइन बोर्ड अभी हिन्दी में नहीं लिखे गये हैं ; और

(ग) यदि हां तो इस के क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्रालय में उप मंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी) : (क) जी हां ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) सवाल नहीं उठता ।

रेलवे कार्यालयों के नाम पट्ट

१४२५. श्री रणंजय सिंह : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे प्रशासनों को यह आदेश दिया गया था कि सभी कार्यालयों के नाम पट्ट हिन्दी में लिखे जायें ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि पूर्वोत्तर व पश्चिम तथा मध्य रेलों के गोरखपुर, चर्चगेट, बम्बई वी० टी० स्थित प्रधान कार्यालयों में लगे हुए नाम-पट्ट केवल अंग्रेजी में लिखे हुए हैं ; और

(ग) यदि हां, तो उपर्युक्त आदेश पर अमल नहीं किये जाने का क्या कारण है ?

रेलवे मंत्रालय में उप मंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी) : (क) इस बात की हिदायत है कि स्टेशन नाम-पट्ट के अलावा रेलवे परिसर और सवारी डिब्बों में लगे हुए संकेत-पट्ट, सूचनाएं आदि भविष्य में जब कभी दुबारा लिखी जायें या नये संकेत-पट्ट आदि लगाये जायें, तो उन्हें देवनागरी लिपि हिन्दी, अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषा में लिखा जाय ।

(ख) और (ग). सूचना मंगाई जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायगी ।

Postal and R.M.S. Residential Training Centre

1426. { **Shri A. V. Raghavan:**
Shri Pottekkatt:

Will the Minister of **Posts and Telegraphs** be pleased to state:

(a) whether it is proposed to set up a Postal and R.M.S. residential